दिन– शनिवार दिनांक– 17 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वी भारत के राज्यों का विकास जरूरी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज पूर्वी चंपारण पहुंची। एक सौ बहत्तर करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

03. राज्य सरकार के निर्देश पर सभी सरकारी कार्यालयों में होगी जन सुनवाई। उन्नीस जनवरी से प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अधिकारी सुनेंगे जन समस्याएं।

04. और, सर्द पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड से राहत।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के लिए पूर्वी भारत का विकास बेहद जरूरी है। श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ने पूरे देश में सुशासन और विकास का एक नया मॉडल दिया है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न प्रदेशों में हुए चुनावों में लोगों ने भाजपा को आशीर्वाद देकर इसी विकास मॉडल पर मुहर लगाई है।

–––बाइट–––

---

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा से हावड़ा और असम के कामाख्या के बीच देश की पहली स्लीपर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर

रवाना किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुवाहाटी–हावड़ा वंदेभारत स्लीपर ट्रेन को भी वर्चुअल माध्यम से रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह ट्रेन विकसित होते देश की सुखद तस्वीर है।

———बाइट———

पूरी तहर से वातानुकूलित वंदे भारत स्लीपर ट्रेन यात्रियों को किफायती किराये पर हवाई यात्रा जैसा अनुभव प्रदान करेगी। एक रिपोर्ट–

———बाइट———

देश में पहली बार शुरू हुई वंदे भारत स्लीपर एक सेमी हाई स्पीड ट्रेन है, जो 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। यह ट्रेन आधुनिक सुविधाओं के साथ, तेज और आरामदायक, लंबी दूरी की यात्रा के लिए तैयार की गई है। 16 कोच वाली इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में आरामदायक स्लीपर बर्थ, ऑटोमेटिक दरवाजे, कवच सुरक्षा प्रणाली, आधुनिक शौचालय, सीसीटीवी कैमरे और डिजीटल यात्रा, सूचना प्रणाली जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस ट्रेन का किराया थर्ड ऐसी के लिए 2300, सेकंड ऐसी के लिए 3000 रूपये और फर्स्ट ऐसी के लिए 3600 रखा गया है। इस ट्रेन में 823 यात्री एक बार में सफर कर सकते हैं और यह ट्रेन पूरी तरह वातानुकूलित है। गुवाहटी से चलने वाली ट्रेन में यात्रियों को असम के व्याजन परोसे जाएंगे, जबकि कोलकाता से चलने वाली ट्रेन में बंगाल का पारंपरिक भोजन दिया जाएगा। जिससे यात्रियों को सफर के दौरान क्षेत्रीय सांस्कृतिक अनुभव भी मिलेगा।

---

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कई नई अमृत भारत ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इनमें पांच ट्रेनें बिहार से होकर चलेंगी। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया है कि इन ट्रेनों में हावड़ा से आनंद विहार, सियालदह से बनारस, अलीपुरद्वार से मुंबई के पनवेल, डिब्रूगढ़ से लखनऊ के गोमतीनगर और गुवाहाटी के कामाख्या से रोहतक तक चलने वाली ट्रेने शामिल हैं। इधर, किशनगंज रेलवे स्टेशन पर आज अमृत भारत ट्रेन का ऐतिहासिक ठहराव हुआ। रेलवे स्टेशन पर उद्‌घाटन समारोह का लाईव प्रसारण किया गया। इस दौरान रेलवे के अधिकारी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी और कई जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पश्चिम बंगाल के मालदा जाने के दौरान पूर्णियां सैन्य हवाई अड्‌डे पर थोडी देर के लिए रूके। उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने उनका स्वागत किया।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दूसरे दिन पूर्वी चम्पारण जिले का दौरा किया। इस दौरान श्री कुमार ने एक सौ बहत्तर करोड़ रूपये की लागत वाली

जिले की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सात निश्चय दो और तीन के तहत जिले में चल रही विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की। मोतीहारी के गांधी मैदान में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का हर कदम सात निश्चय को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

---बाइट---

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मोतीहारी में निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर भी गये। आज यहां विशाल शिवलिंग की स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान के बीच विशाल शिवलिंग की स्थापना की गई। ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित दो सौ दस मिट्रिक टन वजन वाले इस शिवलिंग का निर्माण तमिलनाडु के माहबलिपुरम में किया गया है।

---

राज्य में एग्री स्टैक महाअभियान के तहत किसानों के पंजीकरण का दूसरा चरण आज से शुरू हो गया। यह चरण इक्कीस जनवरी तक चलेगा। उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अभियान के तहत पचहत्तर लाख किसानों का निबंधन का लक्ष्य है, जिसे अगले पच्चीस दिनों में पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि छह जनवरी से ग्यारह जनवरी तक पहले चरण के अभियान में बीस लाख से अधिक किसानों का निबंधन किया गया है। इधर, दुसरे चरण में विभिन्न जिलों में कैंप लगाकर शेष किसानों का पंजीकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सभी जिलों में उन्नीस जनवरी से जन सुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। सात निश्चय तीन के तहत सबका सम्मान जीवन आसान लक्ष्य को लेकर हरेक सोमवार और शुक्रवार को विभिन्न विभागीय अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। राजस्व और भूमि सुधार विभाग समेत विभिन्न विभागों ने योजना को तत्परता से लागू करने का निर्देश जारी किया है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आम लोगों का जीवन आसान हो इसके लिए प्रयास किये जा रहें हैं।

———बाइट———

इधर, विभिन्न जिला प्रशसान ने जन सुनवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सूधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि दाखिल–खारिज में जानबूझ कर की गई देरी अपराध माना जायेगा। श्री सिन्हा ने चेतावनी देते हुए कहा कि चौदह दिनों के भीतर बिना आपत्ति वाले मामलों का निष्पादन अनिवार्य रूप से किया जाय। उन्होंने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

---

राष्ट्रीय जनता दल की महत्त्वपूर्ण बैठक आज दूसरे दिन भी जारी रही। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के पटना स्थित आवास पर आयोजित बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद और विधायक शामिल हुए। जानकारी के अनुसार बैठक के दौरान पार्टी को फिर से मजबूत करने, संगठन विस्तार और तेजस्वी यादव की प्रस्तावित यात्रा को लेकर विचार–विमर्श किया गया। साथ ही दो फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्षी रणनीति पर भी चर्चा की गई।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नवनिर्वाचित विधायकों की नाराजगी दूर होती दिख रही है। पार्टी के नवनिर्वाचित विधायक माधव आनंद और आलोक कुमार सिंह ने पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा से उनके पटना आवास पर मुलाकात की। पार्टी ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीर साझा करते हुए पोस्ट में लिखा है कि पार्टी में एकजुटता बनी हुई है।

---

सर्द पछुआ हवा का प्रवाह कम होने से राज्य के अधिकांश भागों में ठंड में कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतर स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान कें दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के पश्चिमी, उत्तर–मध्य और दक्षिण–पूर्व भागों में अनेक स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर का सबौर राज्य का सबेस ठंडा स्थान रहा जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

---

पटना के चित्रगुप्त नगर इलाके में पिछले दिनों एक गर्ल्स हॉस्टल में छात्रा की संदिग्ध मौत के मामले में एसआईटी ने जांच तेज कर दी है। पटना के आईजी जितेंद्र राणा ने आज स्वय मामले की जांच के लिए घटना स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर लोगों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि मामले में जो लोग भी दोषी पाये जायेंगे उन्हें बख्शा नहीं जायेगा।

———बाइट———

---

शेखपुरा में दो दिवसीय इक्यावनवीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आज खेले गये विभिन्न मुकाबले में पटना, सारण, कटिहार और गया जिले की टीमों ने विजय दर्ज की।

---

केन्द्रीय संचार ब्यूरो की सीतामढ़ी इकाई ने मुजफ्फरपुर के सकरा में विकसित भारत एट द रेट दो हजार सैंतालीस विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके तहत मेहंदी, रंगोली, प्रतियोगिता और एक पेड़ माँ के नाम तहत वृक्षारोपण किया गया। यह जानकारी इकाई के क्षेत्रिय प्रचार अधिकारी और डीडी न्यूज पटना के समाचार संपादक जावेद अंसारी ने दी।

---

सहरसा जिले के कहरा प्रखंड अंतर्गत दिवारी गांव में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वी भारत के राज्यों का विकास जरूरी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज पूर्वी चंपारण पहुंची। एक सौ बहत्तर करोड़ रूपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

03. राज्य सरकार के निर्देश पर सभी सरकारी कार्यालयों में होगी जन सुनवाई। उन्नीस जनवरी से प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को अधिकारी सुनेंगे जन समस्याएं।

04. और, सर्द पछुआ हवा का प्रभाव कम होने से प्रदेश के अधिकतर भागों में ठंड से राहत।

---

समाप्त